उद्या आजच्या पेक्षा काही पुढेच जाऊ करू असे
अपार विद्या काळ अल्प हा झरझर कैसा चालतसे
शूर छातिचे कितिहि असाना हळु हळु मृत्यू गाठितसे
अफाट ऐशा विश्वरणांगणि जीवित युद्धचि चालतसे
त्यात लढोनि बहुधीराने नाव गाजवा शूर असे
'मुकी बिचारी कुणी हाका', अशी मेंढरे बनू नका,
गतकालाचा शोक फुका
पुढचा भासो कितिहि सुखाचा काळ भरवसा ठेवू नका।। १।।

जाते घडि ही अपुली साधा करा काय ते आता करा
चित्तामध्ये धैर्य धरा रे हरिवर ठेवा भाव पुरा
थोर महात्मे होऊनि गेले चरित्र त्यांचे पहा जरा
आपण त्यांच्या समान व्हावे हाचि सापडे बोध खरा
जग हे त्यजिता भवसागरिच्या वाळवंटीवर तरि जरा
चार पाऊले उमटवू अपुली हाच खुणेचा मार्ग बरा
जीवित सागर दुस्तर मोठा त्यातुनि जाण्या पैलतिरा
खटपट करितो गोते खातो निराश होऊनि जाय पुरा
अशा नराच्या दृष्टिस पडता तीच पाऊले जरा जरा
कोणि म्हणावे नाही म्हणूनि येईल त्याला धीर जरा
उठा उठा तर निजू नका, होईल कैसे म्हणू नका,
कशाही विघ्ना भिऊ नका
धीर धरी तो तरेल ऐसे, शिका शिका रे विसरू नका।। २।।

४०. असु अम्ही सुखाने

असु अम्ही सुखाने पत्थर पायातील
मंदीर उभविणे हेच आमुचे शील ।। ध्रु. ।।

आम्हास नको मुळी मान मरातब काही
कीर्तीची आम्हां चाड मुळीही नाही
सर्वस्व अर्पिले मातृभूमिचे ठायी
हे दैवत अमुचे ध्येय मंदिरातील ।। १।।

वृक्षांच्या शाखा उंच नभांतरि जावो
विश्रांति सुखाने विहगवृंद त घेवो
जरि देईल टकरा नाग बळाने देवो
करू अमर पाजुनि रस पाताळातील ।। २।।

जरि असेल ठरले देवत्वाप्रत जाणे
सोसून टाकिचे घाव बदलवू जिणे
गुणसुमने आम्ही विकसित करु यत्नाने
पावित्र्ये जीवन का न होई तेजाळ ।। ३।।

४१. अविरत श्रमणे

अविरत श्रमणे हेच जिणे, स्वप्नीही ध्येयपुनीत मने ।। ध्रु. ।।

ईश्वरे अर्पिली अमोल काया, विमुक्त व्हाया मन जिंकाया
गतवैभव अपुले मिळवाया, जागणे जना जागविणे ।। १ ।।

दुर्बलतेचा घाव जिव्हारी, शल्य तयाचे खुपे अंतरी
कृतिने कोरुनिया हेतु उरी, वागणे स्वये वागविणे ।। २ ।।

सदोदित मुखी अमृतवाणी, घे स्वजनांचे मन जिंकोनी
मृत ईर्ष्या फुलवी वचनांनी, बोलणे स्वये बोलविणे ।। ३ ।।

कर्णपथावर येतिल वार्ता, सुगम याहुनी सहस्त्र वाटा
निर्धार पुढती नच ढळता, चालणे दुजा चालविणे ।। ४ ।।

कार्यमग्नता फळ चिंतेचे, असंतोष हे बीज फळाचे
पुरवुनिया जल सहवासाचे, फुलविणे मळे बहरविणे ।। ५ ।।

राष्ट्रकारणी सर्व समर्पण, वीरव्रताचे करी आचरण
स्वार्थाचे सागर उल्लंघुन, ध्येयदेव नयनी बघणे ।। ६ ।।

४२. आम्ही भारतीय भगिनी

पिढ्यापिढ्यांच्या निर्भय आम्ही भारतीय भगिनी
घराघरांचे दुर्ग झुंजवू झुंजू समरांगणी ।। ध्रु. ।।

अष्टभुजेच्या वंशज आम्ही महिषासुर मारू
देवत्वाच्या गुड्या उभारू दानव संहारू
वलय होऊनी वज्र नांदते आमुच्या करकंकणी ।। १ ।।

रणधीरांच्या सन्निध आम्ही स्फूर्तीसह राहू
रथचक्राच्या आसाखाली घालू निजबाहू
घडवू रामायणे शत्रुचा मद उतरू रावणी ।। २ ।।

शस्त्र हि दिसते शोभून अमुच्या शोभिवंत हाती
भौम मातता चारू त्याला सैन्यासह माती
स्त्री हट्टाच्या थळे बहरवू स्वर्गसुखे अंगणी ।। ३ ।।

रणयागांतरी सर्वस्वाच्या आहुती टाकू
अभिमन्यूच्या बसू रथावर अश्वाते हाकू
सती उत्तरेपरी आवरू डोळ्यातिल पाणी ।। ४ ।।

जिजा, अहिल्या, झाशीवाली आमुचीच रूपे
सुतावतारे जितली युद्धे अमुच्या संतापे
आ शशितरणी स्वतंत्र राखू भारतीय धरणी ।। ५ ।।

(भौम = महिषासुर)

४३. कुणी कुणासंगं भांडायचं नाय...

सारखी लायकी नको बढायकी
कुणी कुणासंगं भांडायचं नाय
गावकित आमच्या ठरलंच हाय !।। ध्रु.।।

जमीन जुमला अन् गोठ्यातली गाय
कर्ज पाण्यापायी इकायची नाय !
मौजेत सुद्धा बाटली
आल्यागेल्यासंगं प्यायाची नाय ।। १ ।।

चोरी चहाडी नि वंगाळ पाप
शिकवू कुणाला नका मायबाप
भलं असावं भलं दिसावं
तमाशा जगाला दावायचा नाय ।। २ ।।

विठुरखुमाईच्या भक्तिशिवाय
गाऊन डोलून त्या भजनात काय !
भजनात एक अन् वागण्यात एक
असं वझ्याचं गाढव बनायचं नाय ।। ३ ।।

गावोगावी खेळ सुरूच हाय
तालमी बिगर गाव शोभायचं नाय ।
आपुल्याच गावात नांदायचं थाटात
भिऊनशान आता भागायचं नाय ।। ४ ।।

४४. क्यों हिंदुबहादुर भूल गये ?

निज वैभव को निज गौरव को, क्यों हिंदुबहादुर भूल गये?
उपदेश दिया जो गीता का, क्यों सुनना सुनाना भूल गये? ।।ध्रु.।।

रावण ने सिया चुरायी थी, हनुमान ने लंका जलायी थी
अब लाखो सिया हरी गयी, क्यों लंका जलाना भूल गये? ।।१।।

जब अर्जुन भ्रम से ग्रस्त हुआ, तब रण में गीताबोध किया
अब रास रचाना याद रहा, क्यों चक्र चलाना भूल गये?।। २।।

पट पांचाली का छुआ जिन्हें, वे हाथ जलाकर राख किये
अब लाखों आतंकित बहने, क्यों रक्षा करना भूल गये?।। ३।।

अब एक नहीं शत वृत्रासुर, घौरी-गजनी ने कपट किया
पर सुपुत्र हो तुम दधीचि के, क्यों वज्र बनाना भूल गये?।। ४।।

गुरुकन्या के मधुमोहन में, व्रतधारी वे कच अचल रहे
परदेस के भूलभूलैय्या में, क्यों निज जननीको भूल गये?।। ५।।

४५. जिसने मरना सीख लिया है

जिसने मरना सीख लिया है
जीने का अधिकार उसी को
जो काँटो के पथ पर आया
फूलों का उपहार उसी को ।। ध्रु.।।

जिसने गीत सजाए अपने
तलवारों के झन झन स्वर पर
जिसने विप्लव राग अलापे
रिमझिम गोली के वर्षण पर
जो बलिदानों का प्रेमी है
जगत का है प्यार उसीको ।।१ ।।

हँस हँस कर इक मस्ती लेकर
जिसने सीखा है बलि होना
अपनी पीडा पर मुस्काना
औरों के कष्टों पर रोना
जिसने सहना सीख लिया है
संकट है त्यौहार उसी को।।२ ।।

दुर्गमता लख बीहड पथ की
जो न कभी भी रुका कहीं पर
अनगिनती आघात सहे पर
जो न कभी भी झुका कहीं पर
झुका रहा है मस्तक अपना
यह सारा संसार उसी को।।३ ।।

(बीहड = उंचसखल)

४६. टाक रं जरा नजर

टाक रं जरा नजर दूरवर मैतरा
घे हा इशारा दे हा इशारा ।। ध्रु.।।

सजव तुझं असं सुरेख परडं
गोठ्यात गायं अन् अंगणात करडं
घाणीला रोगाला देऊ नको थारा ।। १ ।।

पुढल्या पिढीला तू शाळा शिकूदे
मानाने जगण्याचे करू दे धंदे
निराशा आळस करती पोबारा ।। २ ।।

तुझ्या कोठारात धान्याच्या राशी
गावात कोणी न राही उपाशी
मंगल ऐक्याचा झेंडा उभारा ।। ३ ।।

सौख्यात प्रेमात प्रसन्न सारं
साऱ्यांच्या हिताचं घुमू दे वारं
देशाच्या हाकेस हो सज्ज वीरा ।। ४ ।।

४७. निर्माणों के पावन युग में

निर्माणों के पावन युग में, हम चरित्र निर्माण न भूले।
स्वार्थ साधना की आँधी में, वसुधा का कल्याण न भूलें।। ध्रु.।।

माना अगम अगाध सिन्धु है; संघर्षों का पार नही है।
किन्तु डूबना मजधारों में, साहस को स्वीकार नही है
जटिल समस्या सुलझाने को, नूतन अनुसंधान न भुले।। १।।

शील विनय आदर्श श्रेष्ठता, तार बिना झंकार नही है।
शिक्षा क्या स्वर साध सकेगी? यदि नैतिक आधार नही है
कीर्ति कौमुदी की गरिमा में, संस्कृति का सम्मान न भूलें ।। २।।

आविष्कारों की कृतियों में, यदि मानव का प्यार नही है
सृजनहीन विज्ञान व्यर्थ है, प्राणी का उपकार नही है
भौतिकता के उत्थानों में, जीवन का उत्थान न भूलें।। ३ ।।

४८. मैं राष्ट्रमालिका का मोती

मैं राष्ट्रमालिका का मोती अगणित हूँ केवल एक नही ।। ध्रु. ।।

आयी अंतस्थल से पुकार। हिल उठा हृदय का तार तार।
मैं गद्‌गद् हो करता विचार। अहा! विशाल मेरा प्रसार।
मै महाजलधि का एक बिन्दु। मेरा अब व्यक्ति विवेक नहीं ।। १।।

जो मातृभूमि से ही पाया। वह लघुतम सा उपहार लिये।
माता के मंदिर में आया। अतुलित साहस संभार लिये।
कर चुका समर्पित राष्ट्रदेव। झोली में कुछ अवशेष नही ।। २।।

मैं महाजलधि का नाद घोर। अुठती प्रलयंकरसी हिलोर।
जगत्रस्त किंतु साहस बटोर। हम चले नाव ले क्षितिज ओर।
मैं राष्ट्रतरी का लघु नाविक। मन में चिंता का लेश नही ।। ३।।

उठ पडे आज हम हिंदु हिंदु। प्राणों की बलि ले बंधु बंधु।
राणा के पावन रक्त बिंदु। भुजबल विक्रम के अतुल सिंधु।
क्या इन हाथों फिर भारत माँ का। कर सकते हम अभिषेक नहीं ।।४।।

(हिलोर = लाट)

४९. हमारी ही मुठ्ठी में ...

हमारी ही मुठ्ठी में आकाश सारा
जब भी खुलेगी चमकेगा तारा,
कभी ना ढले जो वे ही सितारा
दिशा जिससे पहचाने संसार सारा ।। ध्रु. ।।

हथेली पे रेखाएँ है सब अधुरी,
किसने लिखी है नही जानना है।
सुलझाने इनको न आयेगा कोई,
समझना है इनको ये अपना करम है।
अपने करम से दिखाना है सबको,
खुद को पनपना उभरना है खुद को ।
सुलझा के खुद को मिटाये अंधेरा ।। १।।

हमारे पीछे कोई आये ना आये,
हमें ही तो पहले पहुँचना वहाँ है।
के जिनपर है चलना नयी पिढियों को,
उन्ही रास्तों को बनाना हमें है ।
कोई साथ आये उसे साथ ले ले,
अगर ना कोई साथ दे तो अकेले
अंधेरा मिटाये जो नन्हा शरारा ।।२।।

(शरारा = दुष्टावा)

५०. होंगे कामयाब

होंगे कामयाब, होंगे कामयाब, हम होंगे कामयाब एक दिन
हो हो मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास
हम होंगे कामयाब एक दिन।। ध्रु.।।

होगी शांति चारों ओर, होगी शांति चारों ओर
होगी शांति चारों ओर एक दिन
हो हो मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास
होगी शांति चारों ओर एक दिन।। १।।

हम चलेंगे साथ-साथ, डाले हाथो में हाथ
हम चलेंगे साथ साथ एक दिन,
हो हो मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास
हम चलेंगे साथ साथ एक दिन ।। २।।

नही डर किसी का आज, नही भय किसी का आज
नही डर किसी का आज एक दिन
हो हो मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास
नही डर किसी का आज के दिन।। ३।।

५१. हृदय चाहिए

हृदय चाहिए, हृदय चाहिए, हृदय चाहिए ।। ध्रु. ।।

जो बाधाओं से रुक न सके
जो दमनभार से झुक न सके
जो स्वयं सुलगकर ज्वाला बनकर
हृदय-हृदय में आग लगाता
मोहनिशा का तिमिर जलाता
अंगारो सा दहक रहा हो, भड़क रहा हो
रोमरोम में क्रांति मचाता, धड़क रहा हो
वह शौर्य चाहिए, शौर्य चाहिए, हृदय चाहिए ।। १ ।।

हृदय चाहिए, पर वह हृदय नहीं
जो मतवाले मधुभरे नयनों की मस्ती में
पागल सा हो कर जुट जाये।
हृदय चाहिए, वह हृदय नहीं
जो आँसू के सागर के क्रूर थपेडों में
दु:खों के झंझावातो से
उठती फेनिल की लहरों में
डूबे, उतराए, रो जाए।
हृदय चाहिए, वह हृदय नहीं
जो जगती की ज्वाला में
अपनी स्वाभाविक शोभा को तज दे।

झट रंग बदल जाए
लगते ही आँच पिघल जाए।
जो अग्निपरीक्षा सह न सके
लपटों मे जीवित रह न सके
जो भय से कुछ भी कर न सके।
हृदय चाहिए,
अरे मृत्यु से खेल खेलता
बाधाओं के गिरी ढकेलता
हृदय चाहिए, हृदय चाहिए।। २।।

हृदय चाहिए
बढ़-बढ़ कोरी बात नहीं
निर्वाचन की वह घात नहीं
रोटी कपडे का लालच भर
मजदूरों का नारा लेकर
गर्जन करते, तर्जन करते
कभी उछलते कभी मछलते
ऐसा नेता नही चाहिए
और नही सस्ते नारें।
अरे राष्ट्र की अमर भावना
सत्यसाधना ध्येय कामना
भरकर जीवन के अणु-अणु में
कण-कणका निज होम जलाता
ज्योति जगाता हृदय चाहिए ।। ३।।

हृदय चाहिए
रोटी कपडे नहीं चाहिए
धनिकों का धन नही चाहिए
सुख के सपने नही चाहिए
नही चाहिए
अरे हाथ का मैल सभी है।
आज राष्ट्र को हाथ चाहिए
और हाथ मे शक्ति चाहिए
शक्तिस्रोत वह हृदय चाहिए
हृदय चाहिए, हृदय चाहिए ।। ४।।

दीर्घ दास्य के दुष्प्रभाव से
मुक्त रहे जो हृदय चाहिए
मानवता की क्षुधा मिटाता
अमर तत्त्व का हृदय चाहिए
दलित जनों का अभय प्रदाता हृदय चाहिए
आर्त जनों की आर्ति मिटाता हृदय चाहिए
बंधु बंधु को हृदय लगाता हृदय चाहिए
हृदय चाहिए, हृदय चाहिए
हृदय हृदय को एक करे जो हृदय चाहिए ।। ५।।

52. There are numerous strings

There are numerous strings in your lute
Let me add my own among them.

Then when you smite your chord
My heart will break its silence
and my heart will be one with your smile

Amidst your numberless stars.
Let me place my own little lamp
In the dance of your festival of lights
My heart will throb
and my life will be one with your song.

५३. चल पडे पैर जिस ओर....

चल पडे पैर जिस ओर पथिक, उस पथ से फिर डरना कैसा?
यह रुक-रुक कर बढना कैसा?।।ध्रु.।।

होकर चलने को उद्यत तुम ना तोड सके बंधन घर के ।
सपने सुख वैभव के राही ना छोड सके अपने उर के ।
जब शोलों पर ही चलना है पग फूँक फूँक रखना कैसा ।। १।।

पहले ही तुम पहचान चुके यह पथ तो काँटो वाला है ।
पग-पग पर पडी शिलाएँ है कंकड मय काँटो वाला है ।
दुर्गम पथ अंधियारा छाया फिर मखमल का सपना कैसा ।। २।।

होता है प्रेम फकिरी से इस पथ पर चलने वालों को ।
पथ पर बिछ जाना पडता है इस पथ पर बढने वालों को ।
अपने सुख को खोने आकर यह सुख-दुःख का रोना कैसा? ।। ३।।

वह माल मलीदे दूर रहे रोटी के भी पडते लाले ।
मखमल रेशम के बदले में चिथडों से है पडते पाले ।
यह राह भिकारी बनने की सुख वैभव का सपना कैसा?।। ४ ।।

इस पथ पर बढने वालों को बढना ही है केवल आता ।
आती जो मग में बाधाएँ उनसे बस लढना ही आता ।
तुम भी जब चलते उस पथ पर फिर रुकना और झुकना कैसा ।। ५।।

५४. चिर विजय की कामना

चिर विजय की कामना ही राष्ट्र का आधार है।। ध्रु.।।

जागते यह भाव ले जब सुप्त मानव
भागते ह हारकर तब दुष्ट-दानव
विजय इच्छा चिर सनातन, नित्य-अभिनव
आज ही शत व्याधियों का श्रेष्ठतम उपचार है।।। १।।

शांत-चिर-गंभीर और जयिष्णु राघव
क्रांतिकारी सर्वगुण संपन्न माधव
कर सके जिस तत्त्व से अरि का पराभव
वह विजय की कामना ही राष्ट्र का आधार है।। २।।

दिया हमने छोड़ जब-जब चिर-विजय व्रत
हुए तब पददलित; पीडित और श्रीहत
छोड़ संभ्रम उसी पथ पर फिर बढ़े रथ
जहाँ बढ़ते जीत होती और रुकते हार है।। ३।।

हो यही दृढ़ भाव अपना श्रेष्ठतम धन
आत्म गरिमायुक्त होवे राष्ट्र-जीवन
संगठन की शक्ति का हो संघ दर्पण
निहित जिसमें राष्ट्र-पोषक भावना साकार है।। ४।।

५५. तू जिंदा है तो

तू जिंदा है तो जिंदगी की जीत पे यकीन कर
अगर कहीं है स्वर्ग तो उतार ला जमीन पर
तू जिंदा है..... ।। ध्रु. ।।

ये गम के और चार दिन सितम के और चार दिन
ये दिन भी जाएंगे गुजर गुजर गये हजार दिन, आ३ ओऽ३
कभी तो होगी इस चमन पे भी बहार की नजर ।। १ ।।

सुबह के शाम के रंगे हुए गगन को चूमकर
तू सुन, जमीन गा रही है कबसे झूम झूम कर, आ३ ओऽ३
तू आ मेरी सिंगार कर, तू आ मुझे हसीन कर ।। २ ।।

हजार वेष धरके आयी मौत तेरे द्वारपर
मगर तुझे न छू सकी चली गई वो हारकर
हर एक कदम के संग संग, मिले तुझे नयी उमर ।।३ ।।

नफरतों की ये गली, तू पार करले प्यार से
नाम लेके देश का, तू आगे बढना शान से
कभी न हार मानना, तू पार करले ये सफर ।।४ ।।

हमारे कारवाँ को मंझिलों का इन्तजार है
ये आँधियों के, बिज़लीयों के पीठ पर सवार है, आ३ ओऽ३
तू आ कदम मिला के चल, चलेंगे एक साथ हम
मुसिबतोंका सिर कुचल, चलेंगे साथ साथ हम ।। ५।।

५६. दिव्य ध्येय की ओर तपस्वी

दिव्य ध्येय की ओर तपस्वी,
जीवन भर अविचल चलता है।। ध्रु.।।

सज-धज कर आयें आकर्षण,
पग-पग पर झूमते प्रलोभन,
होकर सबसे विमुख बटोही,
पथ पर सँभल-सँभल बढता है।। १ ।।

अमर तत्त्व की अमिट साधना,
प्राणों में उत्सर्ग कामना,
जीवन का शाश्वत व्रत लेकर,
साधक हँस कण-कण गलता है ।। २।।

सफल-विफल और आस निराशा,
इसकी ओर कहाँ जिज्ञासा,
बीहडता में राह बनाता,
राही मचल-मचल चलता है।। ३ ।।

पतझड के झंझावातों में,
जग के घातों, प्रतिघातों में,
सुरभि लुटाता सुमन सिहरता,
निर्जनता में भी खिलता है।। ४ ।।

(बीहडता = बिकटतेत)

५७. ध्येयसाधना अमर रहे !

ध्येयसाधना अमर रहे !।।ध्रु.।।

अखिल जगत को पावन करती, त्रस्त उरोंमें आशा भरती
भारतीय सभ्यता सिखाती, गंगा की चिर धार बहे !।।१।।

इससे प्रेरित होकर जन-जन, करे निछावर निज तन मन धन
पाले देश-भक्ति का प्रिय प्रण, अडिग लाख आघात सहे !।।२।।

भीति न हमको छूने पाये, स्वार्थ-लालसा नहीं सताये
शुद्ध हृदय ले बढते जाये, धन्य धन्य जग आप कहें !।। ३।।

जीवन-पुष्प चढा चरणों पर, माँगे मातृभूमि से यह वर
तेरा वैभव अमर रहे माँ ! हम दिन चार रहें न रहे !।। ४।।

५८. नवीन पर्व के लिए...

नवीन पर्व के लिए, नवीन प्राण चाहिये ।। ध्रु.।।

स्वतंत्र देश हो गया, प्रभुत्वमय दिशा मही,
निशा कराल टल चली, स्वतंत्र माँ, विभामयी
मुक्त मातृभूमी को, नवीन मान चाहिये ।। १।।

चढ़ रहा निकेत है कि, स्वर्ग छू गया सरल
दिशा दिशा पुकारती कि, साधना करो सफल ।
मुक्त गीत हो रहा, नवीन राग चाहिये ।। २।।

युवक कमर कसो कि, कष्ट कंटकों की राह है,
प्राण-दान का समय, उमंग है उछाह है ।
पगों में आँधियाँ भरे, प्रयाण गान चाहिये ।। ३।।

५९. बढ रहे है हम निरन्तर

बढ रहे है हम निरन्तर चिर-विजय की कामना ले।। ध्रु.।।

पुष्प शय्या त्याग दी कर्तव्य-कंकण धार कर
कूद संगर में पडे हम धैर्य- धनु टंकारकर
दुष्ट-दानवता दमनहित काल का अवतार लेकर
अग्निपथ पर बढ रहे हम रुद्र सी हुंकार भरकर
प्रलयकारी हम प्रभंजन अमरता आराधना ले।। १।।

है जगाई सुखद हमने सुप्त-स्मृतियाँ चिर-पुरातन
है संजोई दुखद स्मृतियाँ चिर पुरातन नित्य नूतन
विगत वैभव के प्रदर्शन, दीनता के कटु निदर्शन
जय-पराजय, प्रगति-अवनति, सुखदुःखों का देख नर्तन
कर चुके प्रण विगत-वैभव-स्थापना की साधना ले।। २।।

हम चले जन-मन-कलुष का स्नेह से संहार करने
शुद्ध संस्कृति-स्त्रोत की अवरुद्धता का अन्त करने
सृजन वीणा के सुकोमल तार की झंकार करने
बन्धुओं के दग्ध उर में शान्ति का संचार करने
विकट पथ पर चल पडे ध्रुव ध्येय की सम्भावना ले।। ३।।

कर्म पथ पर इस प्रखर तर शूल भी है फूल भी है
अल्प जन अनुकूल है, पर सकडो प्रतिकूल भी है,
तालियों की टूट है, पर गालियाँ भरपूर इस पर,
संकटों के शैल शत-शत मोह- भ्रम के मूल भी है,
किन्तु सुख-दुख में सदा ही एकसी अभिनन्दना ले।। ४।।

प्रबल सरिता स्त्रोत को अवरुद्ध कब किसने किया है,
उत्ताल वारिधि-वीचियों को बाँध कब किसने दिया है,
प्रस्फुटित रवि-रश्मियाँ कब छिप सकी वारिद वनो में,
सफल साधक योगियों को मोह कब किसने लिया है,
हम सजग संभ्रम विपद की मोह की अवमानना ले।। ५ ।।

हम सहस्त्रों शीश, दृग, पग और हृद्, भुज दण्ड धारी,
किन्तु जन-जन में जगी है भावना एकात्मकारी,
शान्त हिमनग-श्रृंग से है, ज्वाल अंतर की जगाये,
प्रलयकारी है अहो पर, साथ ही नव-सृजनकारी,
अडिग-अविचल बन पुजारी मातृ-उर की वेदना ले।। ६ ।।

६०. मनसा सततं स्मरणीयम्

मनसा सततं स्मरणीयम् ।
वचसा सततं वदनीयम् ।
लोकहितं मम करणीयम् ।। ध्रु.।।

न भोगभवने रमणीयम् ।
न च सुखशयने शयनीयम्
अहर्निशं जागरणीयम् ...।। १।।

न जातु दुःखं गणनीयम् ।
न च निज सौख्यं मननीयम् ।
कार्यक्षेत्रे त्वरणीयम् ...।। २।।

दुःख - सागरे तरणीयम् ।
कष्ट - पर्वते चरणीयम् ।
विपत्तिविपिने भ्रमणीयम् ....।। ३।।

गहनारण्ये घनांधकारे
बंधुजना ये स्थिता गह्वरे
तत्र मया संचरणीयम्...।। ४।।

६१. मुक्त प्राणों में हमारे

मुक्त प्राणों में हमारे देश का अभिमान जागे ।। ध्रु. ।।

हो गये साकार सपने, स्कन्ध पर अब भार अपने,
पापिणी तन्द्रा उदासी, कर्म का अवसान भागे ।। १।।

स्वार्थ-परता से विलग हो, त्याग-सिञ्चित ध्येय-मग हो,
देश पर ही शुभ मरण की प्राण ये पहचान माँगे ।। २।।

छोड मन की संकुचितता, भर हृदय में स्नेह ममता,
जन-जनार्दन का मधुरतम एक नव-सम्मान जागे ।। ३।।

बाँध कटि हों अब खडे हम, शक्ति-संग्रह कर बढें हम,
चल रहे बाधा हटाते भक्त के भगवान आगे ।। ४।।

६२. शपथ लेना तो सरल है

शपथ लेना तो सरल है, पर निभाना ही कठिन है।
साधना का पथ कठिन है, ।। ध्रु. ।।

शलभ बन जलना सरल है, प्रेम की जलती शिखा पर।
स्वयं को तिल-तिल जलाकर, दीप बनना ही कठिन है।। १।।

है अचेतन जो युगों से, लहर के अनुकूल बहते।
साथ बहना है सरल, प्रतिकूल बहना ही कठिन है।। २।।

ठोकरें खाकर नियति की, युगों से जी रहा मानव।
है सरल आँसू बहाना, मुस्कराना ही कठिन है।। ३।।

तप-तपस्या के सहारे, इन्द्र बनना तो सरल है।
स्वर्ग का ऐश्वर्य पाकर, मद भुलाना ही कठिन है।। ४।।

६३. साधना पथ पर बढे हम...

साधना पथ पर बढे हम, बन्धनों से प्रीती कैसी ।। ध्रु. ।।

हम शलभ जलने चले हैं, अस्तित्व निज खोने चले हैं।
दीप पर जलना हमें है, दाह से फिर भीति कैसी ।। १ ।।

सिन्धु से मिलने चले हैं, सर्वस्व निज देने चले हैं
अतल से मिलना हमें है, शून्य तट पर दृष्टी कैसी ।। २ ।।

दीप बन जलना हमें है, विश्व-तम तहना हमें है।
ध्येय तिल-तिल जलन का है, कालिमा से भीति कैसी ।। ३ ।।

बीज बन मिटने चले हैं, वृक्ष सम उगने चले हैं।
धर्म-ध्वज का स्तम्भ बनना, देह में अनुरक्ति कैसी ।। ४ ।।

आधार ही बनना हमें है, नीव में रहना हमें है।
ध्येय जब यह बन चुका है, कीर्ति में आसक्ति कैसी ।। ५ ।।

६४. सेवा है यज्ञकुंड...

सेवा है यज्ञकुंड समिधा सम हम जलें,
ध्येय महासागर में सरित रूप हम मिलें।। ध्रु.।।

सेवा है यज्ञकुंड समिधा सम हम जलें,
ध्येय महासागर में सरित रूप हम मिलें
लोकयोगक्षेम ही राष्ट्र अभयगान है,
सेवारत व्यक्ति, व्यक्ति कार्य का ही प्राण है।। १।।

उच्च नीच भेद भूल एक हम सभी रहें,
सहज बंधू भाव हो राग द्वेष ना रहें।
सर्व दिक् प्रकाश हो ज्ञान दीप बाँट दो,
चरण शीघ्र दृढ बढ़े ध्येय शिखर हम चढें।। २।।

मुस्कुराते खिल उठे मुकुल पात पात से,
लहर लहर सम उठे हर प्रघात घात में।
कृति निंदा लाभ लोभ यश विरक्ति चाव से
कर्म क्षेत्र में चले सहज स्नेह भाव से।। ३।।

दीन हीन सेवा ही परमेष्ठी अर्चना
केवल उपदेश नहीं कर्मरूप साधना
मन वाचा कर्म से सदैव एकरूप हो
शिव सुंदर नव समाज विश्ववंद्य हम गढ़े।। ४।।

६५. ॐ नमोऽस्तु ते ध्वजाय

ॐ नमोऽस्तुते ध्वजाय
सकल-भुवन-जनहिताय
विभवसहित विमलचरित
मंगलाय बोधकाय ते सततम्।
ॐ नमोऽस्तुते ध्वजाय

६६. इतनी शक्ती हमें देना दाता

इतनी शक्ती हमें देना दाता, मन का विश्वास कमजोर होना,
हम चले नेक रस्तें पे हमसे, भूलकर भी कोई भूल हो ना ।। ध्रु.।।

दूर अज्ञान के हो अंधेरे, तू हमें ज्ञान की रोशनी दे
हर बुराई से बचते रहें हम, जितनी भी दे भली जिन्दगी दे ।
बैर हो ना किसी का किसी से, भावना मन में बदले की हो ना ।। १।।

हर तरफ जुर्म है बेबसी है सहमा सहमासा हर आदमी है
पाप का बोझ बढता ही जाए जाने कैसी ये धरती थमी है
बोझ ममता से तू ये उठाले तेरी रचना का ही अंत हो ना।। २।।

हम न सोचे हमें क्या मिला है, हम ये सोचे किया क्या है अर्पण
फूल खुशियों के बाँटे सभी को, सबका जीवन बन जाये मधुबन
अपनी करुणा का जल तू बहाँ के कर दे पावन हर एक मन का
कोना।।३।।

(सहमा = घाबरलेला)

६७. ए मालिक तेरे बंदे हम....

ए मालिक तेरे बंदे हम... ऐसे हो हमारे करम
नेकी पर चले और बदी से टले, ताकि हँसते हुए निकले
दम ।।ध्रु. ।।

बडा कमजोर है आदमी, अभी लाखो है इसमे कमी,
पर तू जो है खडा, है दयालू बडा
तेरी किरपा से धरती थमी,
दिया तूने हमें जब जनम, तू ही झेलेगा हम सबके गम ।। १ ।।

ये अन्धेरा घना छा रहा, तेरा इन्सान घबरा रहा
हो रहा बेखबर कुछ न आता नजर,
सुख का सूरज छिपा जा रहा
है तेरी रोशनी में वो दम, जो अमावस को कर दे पूनम ।। २ ।।

जब जुल्मों का हो सामना, तब तूहीं हमें थामना,
वो बुराई करें हम भलाई करे,
नही बदले की हो कामना,
बढ उठे प्यार का हर कदम, और मिटे बैर का ये भरम ।। ३ ।।

६८. खरा तो एकचि धर्म

खरा तो एकचि धर्म। जगाला प्रेम अर्पावे।। ध्रु. ।।

जगी जे हीन अति पतित। जगी जे दीन पददलित ।।
तयां जाऊन उठवावे। जगाला प्रेम अर्पावे।। १।।

सदा जे आर्त अतिविकल । जयांना गांजती सकल ।।
तयां जाऊन हसवावे। जगाला प्रेम अर्पावे।। २।।

कुणा ना व्यर्थ शिणवावे । कुणा ना व्यर्थ हिणवावे ।।
समस्ता बंधु मानावे। जगाला प्रेम अर्पावे।। ३।।

प्रभूची लेकरे सारी । तयाला सर्वही प्यारी ।।
कुणा ना तुच्छ लेखावे। जगाला प्रेम अर्पावे।। ४।।

असे हे सार धर्माचे । असे हे सार सत्याचे ।।
परार्था प्राणही द्यावे। जगाला प्रेम अर्पावे ।। ५।।

६९. चराचराच्या सर्व शक्तिंनो

चराचराच्या सर्व शक्तिंनो, ही अमुची प्रार्थना
करा अम्हांला निर्भय, निर्मळ, उजळू द्या जीवना ।। ध्रु.।।

विद्येवर निष्ठा ठेवूया, उद्योगाची कास धरूया
साहस शिकवा, संयम शिकवा, घडवू द्या जीवना ।। १।।

नको कधी तो गर्व यशाचा, नको कधी आळस कामाचा
द्वेष कुणाचा नको कधीही, फुलवू सहजीवना ।। २।।

रक्षण करणे या सृष्टीचे, वाटे आम्हां अतिमोलाचे
समतेची आणिक ममतेची, द्या आम्हां प्रेरणा ।। ३।।

७०. जय शारदे वागीश्वरी

जय शारदे वागीश्वरी, विधिकन्यके विद्याधरी ।। ध्रु. ।।

ज्योत्स्नेपरी कांती तुझी, मुखरम्य शारद चंद्रमा
उजळे तुझ्या हास्यातुनी, चारी युगांची पौर्णिमा
तुझिया कृपेचे चांदणे, नित वर्षू दे अमुच्या शिरी
जय शारदे वागीश्वरी... ।। १ ।।

वीणेवरी फिरता तुझी, चतुरा कलामय अंगुली
संगीत जन्मा ये नवे, जडता मतीची भंगली
उन्मेष कल्पतरूवरी, बहरून आल्या मंजिरी
जय शारदे वागीश्वरी... ।। २ ।।

७१. तुझ्या घरी आलो राया...

तुझ्या घरी आलो राया, तुझ्या घरी आलो
कृतार्थ मी झालो राया, कृतार्थ मी झालो ।। ध्रु. ।।

तुझा घेतला मी छंद, तूच एक परमानन्द
बहर लुटाया स्वच्छंद, येथवरी आलो, राया ।। १ ।।

दोन डोळियांच्या आत, तुझी प्रकाशे सन्मूर्त
ध्यास लागुनि दिनरात, भेटण्यास आलो, राया ।। २ ।।

नाही मूठ रे पोह्यांची, नाही कणी विदुराघरची
नाही फळे त्या शबरीची, रिक्तहस्त आलो, राया ।। ३ ।।

तुझ्या घरी श्रीरामाचा, तुझ्या लाडक्या शिवबाचा
समारंभ सद्‌भक्तांचा, सजविण्यास आलो, राया ।। ४ ।।

वाचलीस भगवद्‌गीता, थोर तुकोबाची गाथा
मीहि धीट तुझिया गीता, गावयास आलो, राया ।। ५ ।।

ओवाळावी चरणी काया, शब्द तुझे जाति न वाया
हीच भावना जागवाया, इथे लीन झालो पाया ।। ६ ।।

तुला आवडी प्राणांची, शांत शुद्ध हृदयप्रेमाची
तूपवात या देहाची, लावण्यास आलो, राया ।। ७ ।।

हिंदुराष्ट्र पुरुषाराया, लीन तुझ्या झालो पाया
निर्माल्यचि व्हावी काया, म्हणुनिया भुकेलो, राया ।। ८ ।।

७२. देह मंदिर चित्त मंदिर

देह मंदिर चित्त मंदिर एक तेथे प्रार्थना
सत्य सुंदर मंगलाची नित्य हो आराधना ।। ध्रु. ।।

दु:खितांचे दु:ख जावो ही मनाची कामना
वेदना जाणावयाला जागवू संवेदना
दुर्बलाच्या रक्षणाला पौरुषाची साधना ।। १ ।।

जीवनी नवतेज राहो अंतरंगी भावना
सुंदराचा वेध लागो मानवाच्या जीवना
शौर्य लाभो, धैर्य लाभो, सत्यता संशोधना ।। २ ।।

भेद सारे मावळू द्या वैर साऱ्या वासना
मानवाच्या एकतेची पूर्ण होवो कल्पना
मुक्त आम्ही फक्त मानू, बंधुतेच्या बंधना ।। ३ ।।

७३. निर्वाणषट्क

मनोबुद्ध्यहङ्कारचित्तानि नाहम्
न च श्रोत्रजिह्वे न च घ्राणनेत्रे ।
न च व्योमभूमिर् न तेजो न वायुः
चिदानन्दरूपः शिवोऽहं शिवोऽहम् ।। १ ।।

न च प्राणसंज्ञो न वै पञ्चवायुः
न वा सप्तधातुर् न वा पञ्चकोशाः ।
न वाक्पाणिपादं न चोपस्थपायू ।। २ ।।
चिदानन्दरूपः शिवोऽहं...

न मे द्वेषरागौ न मे लोभमोहौ
मदो नैव मे नैव मात्सर्यभावः ।
न धर्मो न चार्थो न कामो न मोक्षः ।। ३ ।।
चिदानन्दरूपः शिवोऽहं...

न पुण्यं न पापं न सौख्यं न दुःखम्
न मन्त्रो न तीर्थं न वेदा न यज्ञाः ।
अहं भोजनं नैव भोज्यं न भोक्ता ।। ४ ।।
चिदानन्दरूपः शिवोऽहं...

न मृत्युर् न शङ्का न मे जातिभेदः
पिता नैव मे नैव माता न जन्म ।
न बन्धुर् न मित्रं गुरुर् नैव शिष्यः ।। ५ ।।
चिदानन्दरूपः शिवोऽहं...

अहं निर्विकल्पो निराकाररूपो
विभुर्व्याप्य सर्वत्र सर्वेन्द्रियाणि ।
सदा मे समत्वं न मुक्तिर्न बंधः ।। ६ ।।
चिदानन्दरूपः शिवोऽहं...

७४. मंदिर है ये हमारा...

सबके लिए खुला है मंदिर है ये हमारा ।
मत भेद को भुलाता मंदिर है ये हमारा ।। ध्रु.।।

आओ कोई भी पंथी आओ कोई भी धर्मी ।
देशी- विदेशीयों का मंदिर है ये हमारा ।। १।।

संतों की उच्च वाणी सब जन है भाई-भाई ।
सब देवता समाता मंदिर है ये हमारा ।। २।।

मतभेद होने पर भी मनभेद हो न पाएं ।
हर एकता का हामी मंदिर है ये हमारा ।। ३।।

मानव का धर्म क्या है मिलती है राह जिसमें ।
चाहता भला सभी का मंदिर है ये हमारा ।। ४।।

आओ सभी मिलेंगे बैठेंगे प्रार्थना में ।
तुकड्या कहे अमर है मंदिर है ये हमारा ।। ५।।

(हामी = सहाय्यक, समर्थन करणारा)

७५. वंदना के इन स्वरों में...

वंदना के इन स्वरों में, एक स्वर मेरा मिला लो ।। ध्रु.।।

श्रेष्ठ जीवन को न भूलो, राग में जब मस्त झूलो
अर्चना के रत्नकण में, एक कण मेरा मिला लो।। १।।

जब हृदय के तार बोले, शृंखला के बंध खोले
चढ़ रहे है शीश अगणित, एक सर मेरा चढा लो।। २।।

७६. शुद्धी दे, बुद्धि दे

शुद्धी दे बुद्धी दे हे दयाघना
शक्ती दे मुक्ती दे आमुच्या मना।। ध्रु.।।

तरतम ते उमजेना उमजेना सत्य
फसविते आम्हाला विश्व हे अनित्य
दिग्दर्शन मज व्हावे हीच कामना।। १।।

स्वत्वाला विसरून जर भ्रमले हे चित्त
ऋजुतेवर मात करी द्रोह हा प्रमत्त
निर्भयता जागावी हीच प्रार्थना।। २।।

७७. संगच्छध्वं संवदध्वम्

संगच्छध्वं संवदध्वम्
सं वो मनांसि जानताम्
देवा भागं यथा पूर्वे
सञ्जानाना उपासते।
समानी व आकूतिः
समाना हृदयानि वः
समानमस्तु वो मनो
यथा वः सुसहासति।

७८. सर्वात्मका शिवसुंदरा

सर्वात्मका शिवसुंदरा, स्वीकार या अभिवादना
तिमिरातुनी तेजाकडे प्रभु आमच्या ने जीवना ।। ध्रु.।।

सुमनात तू गगनात तू, ताऱ्यामधे फुलतोस तू
सद्धर्म जे जगतामधे, सर्वात त्या वसतोस तू
चोहिकडे रूपे तुझी, जाणीव ही माझ्या मना ।। १।।

श्रमतोस तू शेतामधे, तू राबसी श्रमिकासवे
जे रंजले वा गांजले, पुसतोस त्यांची आसवे
स्वार्थाविना सेवा जिथे, तेथे तुझे पद पावना ।। २।।

न्यायार्थ जे लढती रणी, तलवार तू त्यांच्या करी
ध्येयार्थ जे तमि चालती, तू दीप त्यांच्या अंतरी
ज्ञानार्थ जे तपती मुनी, होतोस त्यांची साधना ।। ३।।

करुणाकरा करुणा तुझी, असता मला भय कोठले?
मार्गावरी पुढती सदा, पाहीन मी तव पावले
सृजनत्व या हृदयामध्ये, नित जागवी भीतीविना ।। ४।।

७९. हमको मन की शक्ति देना...

हमको मन की शक्ती देना, मन विजय करे
दूसरों की जय से पहले, खुद विजय करे ।। ध्रु. ।।

भेदभाव अपने दिल से साफ कर सके
दोस्तोंसे भूल हो वो माफ कर सके
झूठ से बचे रहे सच का दम भरे ।। १ ।।

मुश्किलें पडे तो हम पे इतना कर्म कर
साथ दे तो धर्म का चले तो धर्म पर
खुद से होसला रहे, बदी से ना डरे ।। २ ।।

(बदी = वद्य (पक्ष) = अंध:कार)

८०. हर देश में तू

हर देश में तू हर वेश में तू,
तेरे नाम अनेक तू एक ही है
तेरी रंगभूमी यहाँ विश्व भरा,
हर खेल में मेले में तू ही तू है।। ध्रु. ।।

मिट्टी से अणु परमाणु बना,
इस दिव्य जगत का रूप लिया।
कही पर्वत वृक्ष विशाल बना,
सादर्य तेरा तू एक ही है।। २ ।।

सागर से उठा बादल बनकर,
बादल से फूटा जल होकर।
कहीं नहर बना नदियाँ गहरी,
तेरे भिन्न प्रकार तू एक ही है।। १।।

यह दृश्य दिखाया है जिसने,
वह है गुरुदेव की पूर्ण दया।
तुकड्या कहे और तो कोई नही,
बस तू और म सब एक ही है।। ३ ।।

81. This is my prayer to Thee

This is my prayer to thee, my lord
strike, strike at the root of penury in my heart.

Give me the strength
lightly to bear my
joys and sorrows.

Give me the strength
to make my love
fruitful in service.

Give me the strength
never to disown the poor or
bend my knees before insolent might.

Give me the strength
to raise my mind high above daily trifles.
And give me the strength
to surrender my strength to thy will with love.

विविध सामाजिक संघटनांमधून अनेक कार्यकर्ते
समाजघडणीचं काम सातत्याने करत असतात.
समाजातल्या वेगवेगळ्या व्यक्तींना
आपल्या कामांशी जोडून घेताना
स्फूर्तिगीतांची मदत मिळते.
समूहात खड्या आवाजात गायल्या जाणाऱ्या
प्रेरणादायी गीतांमुळे
मनं आणि माणसं जोडली जातात.
कधी राष्ट्रगौरवाने उर भरून येतो.
तर कधी संकल्पांचे पुनर्स्मरण होत राहाते.
त्यातून संकल्प आणि ध्येये दृढ होतात.
काही गीते गाताना मुठी आवळल्या जातात
तर काही गीते म्हणताना प्रार्थनेसाठी हात जोडले जातात,
यातून पुढच्या कामाला गती मिळते.
सुंदर अर्थ आणि सुरेल चाली असणारी अनेक प्रबोधन गीते
विविध संघटनांमधून वेगवेगळ्या प्रसंगी म्हटली जातात.
हजारो युवक-युवतींनी ही गाणी गावीत, गुणगुणावीत,
त्यातील आशयानुसार ध्येयधुंद जगण्याचा प्रयत्न करावा,
या हेतूने प्रबोधन गीते भाग २ मध्ये
ज्ञान प्रबोधिनीतील कार्यकर्त्यांव्यतिरिक्त
अन्य व्यक्तींनी लिहिलेली गीते संकलित केली आहेत.
ही गीते सर्वांना प्रेरणादायक होतील अशी खात्री वाटते.

मूल्य ₹ ३०/-

संपर्क : छात्र प्रबोधन, ज्ञान प्रबोधिनी, ५१०, सदाशिव पेठ, पुणे ३०.